विद्या सर्वार्थ साधिका

आनंदालय
सामयिक परीक्षा-1
कक्षा : ग्यारहवीं

विषय : हिंदी (आधार) अधिकतम अंक : 30

दिनांक :14-07-2023 समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ', और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल दो बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में पाँच वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड - 'अ' (बहुविकल्पीय)

1. गद्यांश के नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1x5=5)

जो समाज को जीवन देता है, उसे निर्जीव नहीं कहा जा सकता । तालाब को जल का स्रोत माना जाता है, उसके चारों ओर समाज ने अपने जीवन को रचा है । उसके साथ निकटता का संबंध बनाने के लिए वैसे ही नाम रख लेता है । देश के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग भाषाओं में तालाबों के कई नाम हैं । पर्यायवाची शब्दों की सूची में तालाब के अनेक नाम मिलते हैं 'हमीर नाम माला' में तालाबों के पर्यायवाची नाम मिलते हैं। डिंगल भाषा का यह ग्रंथ तालाबों को धरम सुभाव कहता है । लोग धर्म स्वभाव से जुड़ जाते हैं, सुख-दुख के सभी प्रसंग तालाब से जुड़ जाएँगे।

तालाब बनाना या तालाब की मरम्मत करना पुण्य का काम माना जाता था। जैसलमेर और बाड़मेर में साधन कम होने पर यदि पूरा तालाब बनाना संभव न हो तो सीमित संसाधनों का उपयोग करते हुए तालाब की पाल पर मिट्टी डालने या मरम्मत करने का काम किया जाता था | परिवार के दुखद प्रसंग को भी तालाब से जोड़कर समाज के सुख में बदल दिया जाता था । समाज और तालाब का आपस में गहरा संबंध है ।

अकाल पड़ने की स्थिति में तालाब बनाने का काम होता था । इससे लोगों को तात्कालिक राहत मिलती थी । पानी का प्रबंध न होने पर कभी आ जाने वाले दुख को सहने की शक्ति समाज में आती थी । बिहार के मधुबनी क्षेत्र में छठी सदी में आए एक बड़े अकाल के समय पूरे क्षेत्र के गाँवों ने मिलकर 63 तालाब बनाए थे । आज की संस्था सामाजिक और राजनीति से प्रेरित हैं, जरा विचार करें कि कितना बड़ा संगठन बना होगा और कितने साधन जुटाए

गए होंगे । मधुबनी के लोग आज भी कृतज्ञता से इन्हें याद रखते हैं ।

(i) तालाबों को क्या माना जा रहा है *?*

(क) जीवनदायी (ख) जल का स्रोत

(ग) निर्जीव **(घ)** उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) 'हमीर नाम माला' किस भाषा का ग्रंथ है?

(क) अवहट्ट (ख) संस्कृत

(ग) डिंगल (घ) अवधि

(iii) तालाब बनाना या तालाब की मरम्मत करना किस प्रकार का काम माना जाता था ?

(क) अपना काम (ख) समाज का काम

(ग) मजबूरी का काम (घ) पुण्य का काम

(iv) कौन-सा ग्रंथ तालाबों को धर्म स्वभाव कहता है ?

(क) रामायण (ख) मेघदूतम

(ग) हमीर नाम माला (घ) पदावली

(v) किस क्षेत्र के निवासियों ने अकाल के समय मिलकर 63 तालाब बनाए थे ?

(क) चंपारण क्षेत्र के (ख) जगन्नाथ पुरी के

(ग) भुज क्षेत्र के (घ) मधुबनी क्षेत्र के

2. निम्नलिखित **प**द्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5=5)

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई
जा के सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई
छांड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहै कोई ?
संतन ढिग बैठि बैठि, लोक-लाज खोयी
अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी
अब त बेलि फैल गयी, आणंद-फल होयी
दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से विलोयी
दधि मथि घृत काढ़ि लियो, डारि दयी छोयी
भगत देखि राजी ह्रयी, जगत देखि रोयी
दासि मीरां लाल गिरधर ! तारो अब मोही

(i) मीरा ने श्रीकृष्ण के सामने किसकी अभिव्यक्ति की थी ?

(क) अपने दुःख की (ख) अपने प्रेम की

(ग) अपने रूप की (घ) अपनेपन की

(ii) मीराबाई अपना सर्वस्व किसे मानती हैं ?

(क) जय सिंह को (ख) वर को

(ग) राणा को (घ) श्रीकृष्ण को

(iii) मीरा किसे देख कर रो पड़ी थीं ?

(क) पति को देख कर (ख) जगत को देख कर

(ग) माँ को देख कर (घ) देवर को देख कर

(iv) 'मीरा बाई' किस काल की कवयित्री मानी जाती हैं ?

(क) आदिकाल की (ख) आधुनिक काल की

(ग) भक्तिकाल की (घ) रीतीकाल की

(v) मीरा का श्रीकृष्ण के सामने मग्न हो कर नाचना लोगों को कैसा लगता था ?

(क) उचित (ख) अनुचित

(ग) मनमोहक (घ) विभत्स

<u>खंड- 'ब ' (वर्णनात्मक)</u>

3. जन संचार क्या है ? उसके लाभों पर प्रकाश डालिए | (2x1=2)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(i) 'नमक का दारोगा' कहानी सद्गुणों के प्रभाव की कहानी है, कैसे ? (1x2=2)

(ii) मियाँ नसीरुद्दीन के पत्रकारों के प्रति क्या विचार थे ? (1x2=2)

(iii) मानव शरीर का निर्माण किन पंच तत्वों से हुआ है ? (1x1=1)

5. लेखक लता के संगीत से कब स्वयं को जुड़ा महसूस करने लगे ? (3x1=3)

अथवा

लता के नूरजहाँ से आगे निकल जाने का क्या कारण है ?

6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लेखन कीजिए | (5x1=5)

(i) आतंकवाद : समस्या एवं समाधान

(ii) नरेगा : गाँवों में रोजगार योजना

(iii) प्लास्टिक थैली : पर्यावरण की दुश्मन ।

7. कार्यालयों में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त करते हुए राजस्थान पत्रिका के सम्पादक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5x1=5)

अथवा

'पंजाब नेशनल बैंक - आनंदालय ' में लिपिक (क्लर्क) पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए।